


# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :301 पृष्ठ -4 दिनांक 29 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार




## यूपी में दिवाली से पहले बदलेगा मौसम, इन जिलों में बारिश के आसार, अब बढ़ेगी सर्दी

उत्तरप्रदेश में गुलाबी सर्दी का इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है. मौसम के उतार–चढ़ाव के बीच दिवाली से पहले मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है. इन दिनों प्रदेश में सुबह और शाम के समय हल्की ठंडक महसूस हो रही है. दोपहर में भी अब मौसम बेहतर हो रहा है. मौसम विभाग की माने तो दिवाली के आसपास प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश हो सकती है, जिससे सर्दी बढ़ने के आसार बन रहे हैं. यूपी के मौसम में ये बदलाव पश्चिम बंगाल में आए दाना चक्रवात की वजह से देखने को मिल रहा है, जिसके चलते प्रदेश में अब भी पुरवइया हवाएं चल रही है. मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक चक्रवात के असर से आज प्रयागराज, वाराणसी मंडल और विंध्य क्षेत्र में हल्की फुल्की बारिश हो सकती है. जबकि पश्चिमी यूपी की हिस्सों में मौसम शुष्क ही रहने का अनुमान जताया गया है. दिवाली पर बदलेगा मौसम मौसम विभाग के मुताबिक आज मंगलवार को मौसम साफ रहेगा, लेकिन आने वाले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है. जिसके अगले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. आने वाले दिनों में ठंड तेजी से बढ़ेगी. ऐसे में

लोगों को सावधान रहने की जरूरत है. मौसम में आने बदलाव की वजह लोग बीमार पड़ रहे हैं. सर्दी–जुकाम और खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है. डॉक्टरों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है. यूपी में आज प्रयागराज, संत रविदास नगर, वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली, मिर्जापुर और सोनभद्र में एक या दो स्थानों पर बारिश के आसार हैं. वहीं प्रदेश के न्यूनतम तापमान में अब बदलाव होने लगा हैं. यूपी में पिछले 24 घंटों में सबसे



कम न्यूनतम तापमान मुजफ्फरनगर में रिकॉर्ड किया गया हैं यहाँ न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि राजधानी लखनऊ में 22.9, आगरा में 20.5, मेरठ में 19.4, वाराणसी में 21.8 और प्रयागराज में 24.0 डिग्री सेल्सियस तक तापमान रहा.मौसम विभाग के मुताबिक नवंबर की शुरूआत से धीरे–धीरे ठंडी हवाएँ शुरू हो जाएंगी, जिसके बाद दिन के तापमान में भी कमी आएगी और रात में सर्द हवाओं से ठंडक का एहसास और बढ़ेगा. दिसंबर से जनवरी के बीच सर्दी अपने पूरे शबाब पर रह सकती है.

## अभिनव अरोड़ा को मिल रही धमकी पर जगतगुरू रामभद्राचार्य की पहली प्रतिक्रिया

यूट्यूबर अभिनव अरोड़ा सात यूट्यूबर्स के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर अदालत पहुंचे. इस दौरान उनके साथ उनके माता–पिता भी मौजूद रहे. अभिनव अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए मथुरा की एसीजेएम प्रथम की अदालत में वाद दायर किया है. इस बीच अरोड़ा को मिल रही धमकी के दावों पर जगतगुरु रामभद्राचार्य ने प्रतिक्रिया दी.अभिनव अरोड़ा स्वामी रामभद्राचार्य की डांट के बाद सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रहे हैं. अभिनव अरोड़ा की कृष्ण भक्ति के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लगभग सात यूट्यूबर्स ने अपने यूट्यूब चौनल पर उनकी भक्ति पर सवाल उठाए हैं. इस संबंध में अभिनव अरोड़ा के पिता तरुण अरोड़ा ने 19 अक्टूबर को भी मथुरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी. उन्होंने कहा, ष्मैं केस दर्ज नहीं करना चाहता था, लेकिन यूट्यूबर्स ने मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर किया. मैं एक कहानी के माध्यम से समझाता हूं. भगवान राम का इरादा खर–दूषण को मारने का नहीं था, लेकिन खर–दूषण ने इतना उत्पात मचाया कि भगवान राम को मजबूर होना पड़ा. उनको न्याय के लिए आगे बढ़ना पड़ा. हमें धमकाया जा रहा है और मेरे साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है. इसका असर मेरे माता–पिता पर भी पड़ रहा है. मेरी भक्ति को फर्जी करार दिया जा रहा है.ष्मथुरा पुलिस द्वारा कोई सुनवाई न करने के कारण अभिनव अरोड़ा ने आज अपने परिवार के साथ मथुरा की एसीजेएम अदालत जाकर वाद दाखिल किया.बाल संत अभिनव अरोड़ा की ओर से मां ज्योति अरोड़ा ने सोमवार को मथुरा के एसीजेएम कोर्ट में पहुंच कर सात यूट्यूबर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. परिवार का आरोप है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके बेटे को ट्रोल किया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है.धमकी पर क्या बोले स्वामी रामभद्राचार्य?आज सुनवाई में अदालत ने पुलिस से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है कि अभी तक क्या कार. ‘वाई की गई है. इस मामले की अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी.अभिनव अरोड़ा को लेकर जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा, ष्मेरी कथा एक गंभीर विषय पर थी. उस बच्चे के व्यवहार में शरारत और संतों के सामने नृत्य करना शामिल था, यही कारण है कि मैंने उसे जाने के लिए कहा, क्योंकि यह मेरी गरिमा से संबंधित है. मैं इसे अच्छा नहीं मानता. मेरे मन में उसके प्रति कोई शत्रुता नहीं है. उसको जो धमकी मिल रही है, उस बारे में मैं कुछ नहीं जानता.

## मेरठ को धनतेरस पर पीएम मोदी की बड़ी सौगात, 100 बेड वाले ESI हॉस्पिटल का करेंगे वर्चुअल शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धनतेरस के खास मौके पर मेरठ वासियों को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं. मंगलवार को पीएम मोदी मेरठ के ईएसआई हॉस्पिटल को 100 बेड की सौगात देंगे. इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.इस कार्यक्रम के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मेरठ में मौजूद रहेंगे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका वर्चुअल शिलान्यास करेंगे. इस कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है और अधिकारियों ने मौके पर रात भर डेरा जमाए रखा था. कंकरखेड़ा में बनेगा ESI हॉस्पिटलद मेरठ के कंकरखेड़ा इलाके में मार्शल पिच पर ईएसआई हॉस्पिटल का निर्माण होगा. दीपावली से पहले धनतेसर के मौके पर आज पीएम मोदी दिल्ली से वर्चुअल इसका शुभारंभ करेंगे. मंगलवार को दोपहर साढ़े 12 बजे इसका शिलान्यास होगा. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 12 बजे से पहले मेरठ पहुंच जाएंगे और कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे. पुलिस ने मौके पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की है. सीएम योगी का कार्यक्रम जारी हो गया है और उसी के हिसाब से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है.भीड़ जुटाने में जुटे बीजेपी नेता ईएआई हॉस्पिटल में 100 बेड की व्यवस्था होगी. शिलान्यास को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर बड़ा पंडाल लगाया गया है. करीब 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था मौके पर की गई है. बीजेपी के तमाम नेता रात दिन भीड़ जुटाने और कार्यक्रम में कोई कमी रह जाए इसकी व्यवस्था करने में जुटे हैं.इस कार्यक्रम में ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर, जल शक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, बीजेपी एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, पूर्व प्रत्याशी कमल दत्त शर्मा, महानगर अध्यक्ष रितुराज जैन सहित तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री औरमुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं.सीएम योगी का कार्यक्रम शेड्यूल इस शिलान्यास कार्यक्रम के लिए सूबे के मुखिया का शेड्यूल भी आ गया है.सीएम योगी 10.25 बजे लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान से मेरठ के लिए रवाना होंगे. सुबह 11.25 बजे सीएम योगी मेरठ के डॉ भीमराव अम्बेडकर हवाई पट्टी परतापुर में उतरेंगे. दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मार्शल पिच पर कार्यक्रम स्थल में शिरकत के लिए पहुंचेंगे, दोपहर दो बजे कार से मार्शल पिच से हवाई पट्टी परतापुर के लिए रवाना हो जाएंगे. इसके बाद 2 बजकर 35 मिनट पर मेरठ से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे.

अधिकारियों को ड्यूटी चार्ट जारी मेरठ में बनने वाले 100 बेड के ईएसआई हॉस्पिटल के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर डीएम दीपक मीणा और एसएसपी विपिन ताडा कार्यक्रम स्थल पर डेरा जमाए हुए हैं. बागपत, हापुड़, मुजफ्फरनगर सहित कई जिलों से भी फोर्स बुलाया गया है. डीएम और एसएसपी लगातार मॉनिटरिंग कर रहें हैं, सभी अधिकारियों को ड्यूटी चार्ट जारी कर दिया गया है.नगरायुक्त सौरभ गंग. वार भी मौके पर पहुंचे हुए हैं और सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए कई टीमें लगाई गई हैं. डीएम दीपक मीणा ने बताया कि 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है और सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं. कई विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और ईएसआई हॉस्पिटल से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा.

## देहरादून में पुलिस ने 300 किलो मिलावटी मावा पकड़ा, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

दीपावली और धनतेरस के अवसर पर देहरादून पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने 300 किलो ग्राम मिलावटी (सिंथेटिक) मावा बरामद किया है और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई शहर में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए की गई है, जहां मिलावटखोर त्योहारों के समय में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता करते हैं. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने त्योहारों के मद्देनजर बाहरी राज्यों से आने वाले मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच के लिए कड़े निर्देश जारी किए थे. इसके तहत सभी थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग की जा रही है. इसी क्रम में कोतवाली नगर पुलिस ने रात के समय चेकिंग अभियान चलाया. मिलावटी मावे को किया नष्ट पुलिस ने सिंघल मंडी तिराहे पर एक सिल्वर रंग की इंडिगो कार UK07AE2197को रोका और उसकी तलाशी ली. वाहन की डिग्गी से लगभग 300 किलो ग्राम मिलावटी मावा बरामद हुआ. इस दौरान फूड सेफ्टी ऑफिसर को मौके पर बुलाया गया,



गिरफ्तार को अभियुक्त अमित, जो उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का निवासी है, ने पूछताछ में बताया कि वह इस मावे को रामपुरी, मुजफ्फरनगर से लाकर देहरादून में अधिक दाम पर बेचना चाहता था. दीपावली के अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित दुकानों और डेयरी केंद्रों पर इसकी सप्लाई की योजना थी. पुलिस नेअभियुक्त के खिलाफ धारा 274 और 275 भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है. इस कार्रवाई में बरामद सामान में 300 किलो ग्राम मिलावटी मावा, घटना में प्रयुक्त इंडिगो कार, और एक मोबाइल फोन शामिल हैं. यह मामला खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक चेतावनी है. दीपावली जैसे त्योहारों पर मिलावटखोरी के प्रयासों को विफल करने के लिए पुलिस का यह प्रयास महत्वपूर्ण है. जनता को सलाह दी गई है कि वे ऐसेमिलावटखोरों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ की जानकारी पुलिस को दें. पुलिस का यह अभियान जिन्होंने मावे का निरीक्षण किया और उसे प्रथम दृष्टया सिंथेटिक बताया. इसके बाद, मावे के नमूने लेकर शेष सामग्री को नष्ट किया गया. इस बात का प्रतीक है कि वह जनमानस की सेहत के प्रति संजीदा है और मिलावटखोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखेगी.

## अयोध्या रचेगी नया इतिहास, 28 लाख दीपों की गिनती के लिए पहुंची गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम

आठवें दीपोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. राम की पैड़ी पर दीप बिछाने का काम तकरीबन पूरा किया जा चुका है. अब अयोध्या सहित पूरी दुनिया को इंतजार है 30 अक्टूबर की शाम का. उस दिन सबके आराध्य भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या एक और कीर्तिमान रचने जा रही है. इस अद्भुत और अलौकिक पल के साक्षी पूरी दुनिया में बैठे लोग भी होंगे. योगी सरकार के निर्देश पर सूचना विभाग की तरफ से इस पूरे महा आयोजन के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई है. नगर के कोने–कोने में होने वाले दीपोत्सव की आभा दिखाने के लिए एलईडी वाल और एलईडी वैन लगवाई जा रही है. इसके अलावा मीडिया को कवरेज के लिए सेन्टर की स्थापना करा दी गई है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस बार दीपोत्सव को और भी भव्य बनाने की तैयारी चल रही है.शहर के मार्गों को फूलों की लड़ियों और आकर्षक लाइट से सजाया जा रहा है. दीपोत्सव के दिन राम की पैड़ी पर होने वाले सभीकार्यक्रमों को दूरदर्शन व सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर लाइव दिखाया जाएगा. नगर के सभी लोग इस भव्य आयोजन का, जो जहां रहे वहीं से आनन्द ले सके इसके लिए एलईडी स्क्रीन्स की व्यवस्था कराई गई है. 20 जगह पर एलईडी वाल, 15 स्थान पर एलईडी वैन मौजूद रहेगी.30 हजार वॉलेंटियर्स तोड़ेंगे पिछला रिकॉर्ड योगी सरकार के निर्देशन पे इस बार अयोध्या दीपोत्सव में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 30 हजार वॉलेंटियर्स द्वारा एक–एक दीये प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव में पिछला रिक. ाॅर्ड तोड़ने की तैयारी है. सोमवार देर शाम तक सरयू के 55 घाट पर 28 लाख दीये सजाने का काम पूरा कर लिया गया. इस काम में 30 हजार वॉलेंटियर्स लगाए गए. आज यानी मंगलवार को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की 30 सदस्यीय टीम घाटों पर पहुंचकर दीयों की गिनती करेगी. अयोध्या में करीब 35 लाख से अधिक दीये जलाने की संभावना है. वहीं दूसरी ओर घाटों पर जिला प्रशासन द्वारासुरक्षा व्यवस्था भी सख्त कर दी गई है. बिना आईकार्ड के वालंटियर व अन्य लोगों के प्रवेश को प्रतिबन्धित कर दिया गया है. विश्वविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन के सहयोग से 30 अक्टूबर को सायं होने वाले दीपोत्सव के लिए पूरी ताकत लगा दी इस बार का दीपोत्सव व्लर्ड रिकॉर्ड बना सके.



# आगरा की गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए कराई महंगी शॉपिंग, फर्जी भुगतान पर पहुंचा जेल

## ताजनगरी आगरा से धोखधड़ी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया

आगरा में धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जहां एक युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए खूब शॉपिंग कराई और फिर फर्जी मोबाइल ऐप से बिल का भुगतान कर चलता बना. हालांकि जब दुकानदार को असलियत पता चली तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई. क्षेत्र के एक दुकान पर युवक अपनी गर्लफ्रेंड को शॉपिंग कराने पहुंचा था. इस दौरान युवक की गर्लफ्रेंड ने जमकर शॉपिंग की. बिलिंग के बाद युवक ने इसका भुगतान ऑनलाइन अदा करने को कहा, जिस पर दुकान की ऑनर राजी हो गई.पेमेंट करने के बाद युवक अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर चला गया. उनके जाने के बाद जब ऑनर भुगतान का स्टेटस चेक किया तो हैरान रह गई, क्योंकि इस भारी भरकम शॉपिंग का भुगतान खाते में आया ही नहीं था. क्या है पूरा मामला?यह पूरा मामला आगरा के कमला थाना क्षेत्र का है. कमला नगर क्षेत्र में वूमेन विंग्स नाम की कपड़े और आर्टिफिशियल ज्वैलरी की दुकान है. बीते 21 अक्टूबर को स्कूटर से एक युवक और युवती दुकान पर आए थे. युवक ने युवती को ढेर सारी शॉपिंग कराई. युवक ने युवती को कई अलग–अलग ब्रांड के कपड़े और आर्टिफिशियल ज्वैलरी की खरीदारी की, जिसका बिल लगभग 25 हजार रुपये बना. बिल का भुगतान युवक ने ऑनलाइन देने को कहा, जिस पर दुकान की ऑनर सिमरन राजी हो गई. फर्जी ऐप से किया भुगतानइसके बाद युवक ने जेब से मोबाइल निकाल कर एक ऐप के जरिये ऑनलाइन भुगतना किया और दुकान की ऑनर सिमरन को भी दिखाया. फर्जी ऐप से भुगतान करने के बाद मौके से युवक और युवती चले गए. उनके जाने के बाद दुकान की ऑनर सिमरन ने बैलेंस चेक किया तो भुगतान ही नहीं हुआ था. यह देख दुकान की ऑनर सकते में आ गई और फौरन पुलिस में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया. पुलिस ने भी मामला दर्ज कर फौरन जांच पड़ताल शुरू कर दिया. CCTV से आरोपी तक पहुंची पुलिस पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में



युवक के स्कूटी का नंबर दिखाई दिया. इस नंबर के आधार पर पुलिस ने आरा.`पी का पता और डीटेल निकाला. बीते 25 अक्तूबर को पुलिस ने युवक को स्कूटर सहित मुगल रोड से गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ. पुलिस ने क्या कहा? आरोपी की पहचान शिवम के रुप में हुई है. जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दिया है. कमला नगर थाना प्रभारी निशामक त्यागी ने बताया कि पूछताछ में युवक ने बताया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए शॉपिंग पर ले गया था, जहां उसने फर्जी ऐप से ऑनलाइन पेमेंट किया. जब मामले का खुलासा हुआ तो गर्लफ्रेंड भी शर्मिंदा हो रही है.

## सड़क हादसे में 12वीं के छात्र की मौत, गुस्साए लोगों ने किया ऐसा बवाल...पुलिस के छूट गए पसीने

आगरा के शमसाबाद क्षेत्र में सड़क हादसे में 12वीं के छात्र की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब छात्र ट्यूशन से घर लौट रहा था। इस दौरान उसे ट्रैक्टर–ट्रॉली ने रौंद दिया। छात्र की मौत से गुस्साए लोगों ने मार्ग जाम कर दिया। दो घंटे तक पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, तब परिजनों को समझाकर मामला शांत कराया जा सका। आगरा के शमसाबाद थाना क्षेत्र में राजाखेड़ा मार्ग पर सोमवार को हनुमान मंदिर के पास ट्रैक्टर–ट्रॉली ने चपेट में आने से साइकिल सवार छात्र की मौत हो गई। हादसे से गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने शव रखकर सड़क जाम कर दिया। लोग चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद कार्रवाई के आश्वासन पर लोग शांत हुए।ग्राम महरमपुर निवासी रोहित (23) बीडी इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र था। परिजन के मुताबिक सोमवार को स्कूल से छुट्टी के बाद वह ट्यूशन पढ़ने चला गया था। दिन में करीब 3 बजे वह साइकिल से घर लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही वह हनुमान मंदिर के पास से गुजरा। ट्रैक्टर–ट्रॉली ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर लेकर चालक भाग निकला। राजाखेड़ा मार्ग पर लगा दिया जाम वहीं हादसे की सूचना पर पहुंचे लोग परिजन और ग्रामीण ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। लोगों ने शव रखकर राजाखेड़ा मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर एसीपी शमसाबाद गिरीश कुमार भी आसपास के अन्य थानों के फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने परिजन को समझाने की कोशिश



की। काफी देर तक लोग चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग करते रहे। करीब दो घंटे एसीपी एवं सांसद प्रतिनिधि रंजीत सिंह के समझाने पर लोग माने। एसीपी ने जल्द आरोपी की गिरफ्तारी का भरोसा पीड़ित परिवार को दिलाया है। डंपर की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत कस्बे के कागारौल रोड चौराहे पर सोमवार की शाम डंपर की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने डंपर समेत चालक को कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक खेरागढ़ के समाधि रोड निवासी ओमप्रकाश (56) सोमवार को खेरागढ़ सब्जी मंडी गए थे। शाम करीब 6 बजे वह साइकिल से लौट रहे थे। कागारौल रोड चौराहे पर तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही लोगों को सड़क से हटाकर आवागमन दुरुस्त कराया। उधर, त्योहार से पहले हादसे में मौत से परिवार में मातम छा गया। परिजन की रो–रोकर हालत खराब है।

## धनतेरस पर 100 साल बाद त्रिग्रही योग, घर लाएं ये 10 चीजें...चमक जाएगी किस्मत

कासगंज धनतेरस पर धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर जी की पूजा आराधना की जाती है। इस दिन लोग सोना, चांदी, आभूषण, बर्तन, भूमि आदि की खरीदारी करते हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि धनतेरस पर घर में कुछ खास चीजें लाने से धन की प्राप्ति होती है।धनतेरस पर मंगलवार को 100 साल बाद त्रिग्रही योग (त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, वैधृति योग) के साथ लक्ष्मी नारायण योग, शश योग, धाता योग, सौम्य योग बन रहे हैं।ज्योतिषाचार्य शिवशरण पाराशर ने बताया कि दुर्लभ योग में लक्ष्मी–गणेश की मूर्ति, धनिया, मिट्टी के पात्र, सोना, चांदी, पीतल, तांबा, कांसा, स्टील और अष्टधातु के बर्तन खरीदें। इसके साथ ही आज के दिन वस्त्र, सजावटी सामान, भूमि–भवन, वाहन आदि की खरीदारी भी शुभ रहेगी।धनतेरस की तिथि मंगलवार सुबह 10.32 बजे से बुधवार दोपहर 1.15 बजे तक है। उदया तिथि के अनुसार मंगलवार को धनतेरस का त्योहार मनाया जाएगा। त्रिग्रही योग सोमवार सुबह 6.31 बजे से मंगलवार सुबह 10.31 बजे तक रहेगा।

इस दौरान भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर की पूजा करने वालों की किस्मत चमक उठेगी।ऐसे करें पूजनपूजा के स्थान पर शाम कुबेर और माता लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित करें। उसके बाद धन्वंतरि देवता, माता लक्ष्मी और कुबेर देवता के सामने घी का दीपक जलाकर उनकी पूजा करें और आरती उतारें। दीपक जलाने के बाद उन्हें फल और फूल चढ़ाएं।

फिर माता लक्ष्मी और कुबेर देव को उनका प्रिय भोग लगाएं और उस भोग को प्रसाद के रूप में परिवार के लोगों को बांटें।अकाल मृत्यु से बचने के लिए द्वार पर जलाएं चार बातियों का दीयाज्योतिषाचार्य शिवशरण पाराशर ने बताया कि धनतेरस पर अकाल मृत्यु से बचने के लिए रात में घर के दरवाजे पर 4 बातियों का दीपक जलाना चाहिए। रात में आरोग्य प्राप्ति के लिए भगवान धन्वंतरि तथा समृद्धि के लिए कुबेर के साथ लक्ष्मी का आह्वान करना चाहिए।

### एटा में दर्दनाक हादसारू पिता का कट गया हाथ, बेटे का कुचला सिर...दृश्य देख कांप गए लोग, मैक्स गाड़ी ने ली जान



एटा के अलीगंज क्षेत्र में तेज रफ्तार मैक्स गाड़ी ने बाइक सवार पिता–पुत्र को रौंद दिया। दर्दनाक हादसे में दोनों की ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वे दोनों दर्शन करने के लिए कैंची धाम जा रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया। एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र में गांव कलिंजर के पास सुबह–सुबह हुए दर्दनाक हादसे में पिता–पुत्र की जान चली गई। दोनों को तेज रफ्तार मैक्स ने रौंद दिया। वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें घायल अवस्था में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची, यहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में दोनों की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार रामनिवास पुत्र द्वारिका प्रसाद उम्र 68 वर्ष और उनका रिटायर्ड फौजी बेटा संतोष पुत्र रामनिवास सुबह–सुबह बाइक से नीम करोली धाम जा रहे थे। सराय अगहत की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मैक्स गाड़ी ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिटायर्ड फौजी का हाथ कट गया, वहीं पिता का सिर कुचल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची, यहां से दोनों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय दोनों की मौत हो गई।मौत की सूचना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर ने बताया जैसे ही सूचना पीआरवी को मिली तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पिता पुत्र को इलाज के लिए अलीगंज स्थित अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया था। इलाज के लिए ले जाते समय पिता और पुत्र की मौत हो गई।

## डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर महिला से 4.40 लाख ठगे

साहिबाबाद। ठगों ने शालीमार गार्डन इलाके में रहने वाली महिला को खाद्य पदार्थ की कंपनी की डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर खाते में करीब 4.40 लाख रुपये जमा करा लिए। महिला ने ठगी का एहसाल होने पर शालीमार गार्डन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।शिवानम अपार्टमेंट में रहने वाली महिला नीलम कुमार ने बताया कि कुछ समय पूर्व उसके पास मेल आई थी। जिसमें खाने का सामान बेचने वाली नामी कंपनी की डीलरशिप देने का भरोसा दिया गया था। मेल के आधार पर उसने अपने तैयारी की और वहां बताए गए सभी जरूरी दस्तावेज मेल के जरिए भेजने के बाद आरटीजीएस के माध्यम से बताए गए अकाउंट में 4.40 लाख रुपये भेज दिए। पीड़िता को इस दौरान डीलरशिप मिलने के लिए कुछ दिन का समय दिया गया था। काफी समय बीतने के बाद जब उसने नागपुर महाराष्ट्र स्थित कंपनी के कार्यालय में फोन कर जानकारी की तो पता चला कि उन्होंने ऐसी कोई मेल




नहीं भेजी है। शालीमार गार्डन एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मांस कारोबारी को मारी गोली,अस्पताल में भर्ती

साहिबाबाद। टीला मोड़ थाना क्षेत्र के पसोंड़ा में रहने वाले मांस कारोबारी को विवाद के बाद दबंगों ने पैर में गोली मार दी। गोली लगने से घायल कारोबारी युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।हाजी नौशाद परिवार के साथ बड़ी मस्जिद पसोंड़ा में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह मांस का कारोबार करते हैं। उनका भतीजा अल्तमस रविवार रात लगभग 11 बजे घर के पास खड़ा था। तभी वहां सैफ खान, रिजवान, शहजाद, फाजिल, आबिद हथियार लेकर आए।

सैफ खान व फाजिल ने उनके भतीजे को गाली देकर बुलाया। तभी वहां नौशाद आ गया।

नौशाद ने गाली देने का विरोध किया। विरोध करने पर आरोपियों ने पिस्टल से उसे गोली मार दी।गोली नौशाद के पैर



(जांघ) में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। इस दौरान आरोपियों ने पथराव भी कर दिया।

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल हाजी नौशाद को जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हरदोई की युवती से छेड़खानी, खींचकर होटल में ले जाने की कोशिश, एक आरोपी गिरफ्तार

बरेली के सेटेलाइट बस अड्डे के पास रविवार रात युवती से दो युवकों ने छेड़खानी की। उसे जबरन होटल में ले जाने की कोशिश की। लोग तमाशबीन बने रहे, लेकिन कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नहीं आया। बस में साथ बैठकर आ रही हरदोई की युवती से मेलजोल बढ़ाकर लखीमपुर खीरी निवासी शख्स ने बरेली होटल में साथ खाना खाया। अपने एक साथी को कोहाड़ापीर से बुला लिया। दोनों ने युवती से छेड़खानी की। उसे खींचकर होटल में ले जाने की कोशिश की। इस पर युवती ने हंगामा कर दिया। बारादरी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, दूसरा आरोपी फरार हो गया।रविवार रात हरदोई निवासी युवती रोडवेज बस से सेटेलाइट पुलिस चौकी के पास उतरी। वह मेरठ से जॉब करके घर लौट रही थी। बस में लखीमपुर खीरी जिले का पलिया निवासी सरनजीत सिंह भी युवती के साथ बैठकर आया था। सफर के दौरान सरनजीत ने युवती से मेलजोल बढ़ा लिया। यहां सेटेलाइट स्टैंड पर उसने युवती के साथ ही एक ढाबे पर खाना खाया। इस बीच सरनजीत ने अपने साथी बरेली के को. हाड़ापीर निवासी जावेद बेग को भी बुला लिया। पुलिस चौकी पहुंची युवती सरनजीत ने युवती से कहा कि वह बरेली से कार करके खीरी जाएगा। वह उसे भी हरदोई छोड़ देगा। युवती को यह ठीक नहीं लगा तो उसने मना कर दिया। तब दोनों उसे खींचकर होटल में ले जाने लगे। इस पर युवती ने हंगामा कर दिया। वह सेटेलाइट चौकी पर पहुंची। पुलिस ने शुरू में मामला टालने की कोशिश की लेकिन युवती के अड़ जाने पर सरनजीत को हिरासत में ले लिया। जावेद फरार हो गया। दोनों के खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कॉलगर्ल समझकर लोगों ने नहीं की मदद सेटेलाइट चौराहे पर कॉलगर्ल और किन्नरों का रात भर आतंक रहता है। वह बेतरतीब कपड़े पहनकर खड़े रहते हैं। यात्रियों व राहगीरों को इशारा करके बुलाते हैं। अक्सर इनके झगड़े सामने आते रहते हैं। रविवार रात जब युवती से छेड़खानी की घटना हुई तो लोग इसे भी कॉलगर्ल से जुड़ा मामला मानकर हल्के में लेते रहे। पुलिस ने भी शुरू में युवती की बात को गंभीरता से नहीं लिया।

## चेस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दौड़ाए दिमागी घोड़े

फिरोजाबाद। जिला चेस स्पोर्टस एशोसिएशन के तत्वावधान में संतपरम दयाल सीनियर सेकेंड्री स्कूल में दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट इण्टर स्कूल टीम चौस चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। 15 स्कूलों की टीम ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मैनेजर गौरव शर्मा, फिरोजाबाद डिस्ट्रिक्ट चौस एसोसिएशन के सचिव सौरभ लहरी एवं कोषाध्यक्ष चेतन दीक्षित ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। अपर जिला जज अतुल कुमार चौधरी, विद्यालय के डायरेक्टर ब्रह्मप्रकाश शर्मा एवं अनिल परिहार ने विजेता टीमों को पुरस्कार का वितरण किया।

अंडर–19 में किड्स कॉर्नर स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अण्डर–15 में संत परमदयाल स्कूल की टीम – द्वितीय स्थान एवं जीएलएमडी स्कूल की टीम तृतीय स्थान पर रही।

# धनतेरस आज बाजार में होगी करोड़ों की धनवर्षा, सराफा-बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक की दुकानें सजीं

धनतेरस पर नए ट्रेंड के अनुसार बाजार में मोबाइल और स्मार्ट गैजेट्स प्रेमी अपनी पसंद और बजट के हिसाब से इन्हें खरीद रहे हैं। इसके अलावा टीवी, वाशिंग मशीन, गीजर सहित अन्य बिजली उत्पाद की भी जमकर बुकिंग और बिक्री हो रही है।धनतेरस के लिए बाजार सजकर तैयार है। देर रात तक बाजारों में प्रतिष्ठान और शोरूमों की सजावट चलती रही। सराफा, ऑटो, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, बर्तन, कपड़े, साड़ी, फुटवियर के शोरूम फूलों और रंग बिरंगी लाइटों से सजे हैं। कारोबारियों ने इस बार बाजार पर करोड़ों रुपये की धनवर्षा होने की उम्मीद जताई है।28 अक्तूबर को शहर के सेंटर प्वाइंट, मैरिस रोड, रामघाट रोड, किशनपुर, स्वर्ण जयंती नगर, रेलवे रोड, मामू भांजा, बारहद्वारी, सराय हकीम, नौरंगाबाद, सासनी गेट, जयगंज, सब्जी मंडी, मसूदाबाद, आगरा रोड, मथुरा रोड, क्वार्सी आदि बाजारों में रौनक रही। जिससे दिवाली के जश्न में चार चांद लग गए हैं। बाजारों में पहुंचने वाले ग्राहकों को जाम से राहत देने के लिए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। सुरक्षा के लिए पुलिस के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ग्राहकों की खातिरदारी के लिए अलग से लोगों को लगाया गया है। जिससे उन्हें अच्छी सेवा का अहसास कराया जा सके। ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए बड़े प्रतिष्ठानों के मालिकों के साथ परिवार के लोग भी जुट गए हैं। चार पहिया, तीन पहिया और दोपहिया वाहनों की एडवांस बुकिंग पर डिलीवरी की तैयारी पूरी हो गई हैं। धनतेरस पर सोने–चांदी की खरीदारी को सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है। इसलिए ज्वेलरी की दुकानों पर ग्राहकों की ज्यादा भीड़ है।चांदी का पुराना सिक्का 1250 रुपये का धनतेरस को लेकर शहर का सराफा बाजार सजकर तैयार है। मैरिस रोड, सेंटर प्वा. इंट, फूल चौराहे पर ग्राहकों को लुभाने के लिए सोने–चांदी की दुकानों को सजाया गया है। मेकिंग चार्ज में भी छूट दी जा रही है। सोने चांदी के भाव उच्चतम स्तर पर होने के बाद भी लोग खरीदारी कर रहे हैं। मैरिस रोड स्थित केआर ज्वेलर्स के स्वामी देवेश वी राजन ने बताया कि लोगों ने एडवांस बुकिंग करा रखी है। चांदी के सिक्के के दाम लगातार ऊपर नीचे हो रहे हैं। सोमवार को पुराने सिक्के का दाम करीब 1250 रुपये था। वहीं 10 ग्राम के नए सिक्के का भाव एक हजार से 1100 रुपये के बीच है। इसके अलावा लक्ष्मी–गणेश की प्रतिमा भी लोग खरीद रहे हैं।सड़क किनारे लगीं मिट्टी के दीए, मूर्ति की दुकानेंशहर में जगह–जगह मिट्टी की मूर्तियां, दीए, खील, खिलौने, रुई, सजावट के सामान की दुकानें सड़क किनारे लग गई हैं। अब दिवाली तक इसी तरह सड़क किनारे सजी रहेंगी। इससे बाजार की खूबसूरती में चार चांद लग रहे हैं। गणेश लक्ष्मी की मिट्टी की मूर्ति 40 से




50 रुपये तक मिल रहीं हैं।आज लेंगे वाहनों की डिलीवरी धनतेरस पर वाहन की खरीदी करना शुभ माना जाता है। इसे लेकर दो पहिया और चार पहिया शोरूम दुल्हन की तरह सजाए गए हैं। मैरिस रोड स्थित आर एस हॉडा के संच. ालक पुनीत गुप्ता ने बताया कि लोगों ने दो पहिया वाहनों की एडवांस बुकिंग करा रखी है। जिसकी डिलिवरी आज होनी है। जीटी रोड स्थित देव मोटर्स के निदेशक सुमित अग्रवाल ने बताया कि इस बार कारों की काफी अच्छी बुकिंग हुई हैं।बर्तन बाजार में आई बहार शहर के महावीर गंज, रामघाट रोड, रेलवे रोड, क्वार्सी, खैर रोड स्थित बर्तन की दुकानें भी सजकर तैयार हैं। बर्तन कारोबारियों ने अनुसार बाजार में इस बार धातुओं के बर्तन की सबसे अधिक मांग है। पीतल, तांबा, स्टील के बर्तन लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। सबसे ज्यादा लोग स्टील के बर्तन खरीदते हैं। पूजा के लिए कलश भी काफी बिक रहे हैं। वहीं गिफ्ट में देने के लिए मिक्सर, जूसर, थर्मस, कप सेट, लेमन सेट आदि की अच्छी मांग है। युवाओं में मोबाइल और स्मार्ट गैजेट्स का क्रेजनए ट्रेंड के अनुसार बाजार में मोबाइल और स्मार्ट गैजेट्स प्रेमी अपनी पसंद और बजट के हिसाब से इन्हें खरीद रहे हैं। इसके अलावा टीवी, वाशिंग मशीन, गीजर सहित अन्य बिजली उत्पाद की भी जमकर बुकिंग और बिक्री हो रही है।मिठाई की खूब हो रही खरीदारी बाजार में मिठाई की दुकानें सज गई हैं। दिवाली पर देने के लिए लोग उपहार पैक की खरीदारी कर रहे हैं। मेवा महंगी होने के कारण परंपरागत देसी मिठाइयों की मांग में इजाफा हुआ है। कारोबारियों के अनुसार दिवाली पर बड़ी–बड़ी कंपनी, कारखाना संचालक, प्रतिष्ठान संचालक सभी अपने कर्मचारियों को मिठाई और तोहफा देते हैं। इस कारण काफी अच्छे ऑर्डर आ रहे हैं। इनकी पूर्ति करने में कारोबारी लगे हैं।

## अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर बढ़ी सतर्कता, संदिग्ध वस्तुओं की जांच, बढ़ाई गई सुरक्षा गश्त

अलीगढ़ गाड़ियों में पटाखे, ज्वलनशील पदार्थ, शराब तस्करी व पैंट्रीकार चेकिंग अभियान चलाया गया । यात्रियों को भी सतर्क रहने को कहा गया।दिवाली को लेकर अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। आरपीफ मुख्यालय की ओर से सुरक्षा गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह व आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी अमित चौधरी के नेतृत्व में आरपीएफ जवानों ने 28 अगस्त को स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। गाड़ियों में पटाखे, ज्वलनशील पदार्थ, शराब तस्करी व पैंट्रीकार चेकिंग अभियान चलाया गया । यात्रियों को भी सतर्क रहने को कहा गया। रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल, सर्कुलेटिंग एरिया



में संदिग्धों की जांच का अभियान भी चलाया गया। हालांकि चेकिंग में कोई संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति नहीं मिला। स्टेशन पर त्योहार को लेकर भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल व सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं।

## सुबह 9 बजे तक उठेगा कूड़ा, मुख्य सड़कों, बाजारों और चौराहों पर लगेगी झाड़ू

महापौर ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को कचरा उठाने के लिए जिम्मेदार कंपनी अर्बन एनवायरोटेक को प्रत्येक दशा में सुबह 9 बजे तक कूड़ा उठाने के लिए निर्देशित करने को कहा।अलीगढ़ महानगर में सुबह 9 बजे तक कूड़ा उठेगा। मुख्य सड़कों, बाजारों और चौराहों पर झाड़ू लगेगी। दिवाली पर चाक चौबंद साफ–सफाई और पथ प्रकाश के लिए महापौर ने अफसरों और कर्मचारियों को इसकी हिदायत दी है।धनतेरस, छोटी दिवाली और दिवाली को ध्यान में रखते हुए महापौर प्रशांत सिंघल ने सोमवार सुबह अपने आवास से शहर के प्रमुख बाजार पत्थर बाजार, मामू भांजा रोड, रेलवे रोड, हलवाई खाना, जयगंज, मदार गेट, अचल ताल, रामघाट रोड का पैदल निरीक्षण करते हुए दुकानदारों को स्वच्छता के दायित्व बताए। त्योहार पर बेहतर साफ–सफाई बनाए रखने के लिए नगर निगम का सहयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान महापौर ने रेलवे रोड, मदार गेट, जयगंज, अचल रोड पर सुबह कूड़ा–कचरा पड़े होने पर नाराजगी जताई। महापौर ने मौके पर ही अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को कचरा उठाने के लिए जिम्मेदार कंपनी अर्बन एनवायरोटेक को प्रत्येक दशा में सुबह 9 बजे तक कूड़ा उठाने के लिए निर्देशित करने को कहा।उन्होंने मुख्य मार्ग, सभी प्रमुख बा. जारों और चौराहा पर झाड़ू लगाने, चूना और एंटी लार्वा रसायन का छिड़काव कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। महापौर ने अवर अभियंता पथ




प्रकाश को मुख्य बाजारों, चौराहा विशेष रूप से नगर निगम के शासकीय भवन, प्रमुख पार्कों, चौराहों पर पथ प्रकाश कराने के लिए कहा है। निरीक्षण में महापौर के साथ पार्षद योगेश सिंघल, गंगे पहलवान, मनीष वूल, अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव साथ रहे।

दीपावली के मौके पर बिक्री होने वाले पटाखों पर देवी देवताओं की तस्वीर लगी होने का विरोध करते हुए श्री एकनाथ शिंदे साहब शिवसेना कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष राहुल जोशी ने कहां है कि हिंदू देवी देवताओं की तस्वीर वाले पटाखे बेचे गए तो ऐसे व्यापारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी वहीं व्यापारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा एकनाथ शिंदे शिवसेना के जिला अध्यक्ष श्री राहुल जोशी जी व नगर अध्यक्ष श्री अशीष मालवीय जी जिला कार्यालय अध्यक्ष दीपक मैथिल जी एवं सभी शिव सैनिक के नेतृत्व में आज दिनांक 28 10 2024 दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे रामलीला चौराहे पर शिवसैनिकों द्वारा चीन राष्ट्रपति का पुतला दहन किया गया जिसमें सभी शिव सैनिक जिला अध्यक्ष राहुल जोशी नगर अध्यक्ष आशीष मालविया अजय यादव नगर मंडल उपाध्यक्ष शिवराज रा. जपूत पारस रैक वार संजू कुशवाहा अरमान जोशी हर्ष बैरागी गप्पू जोशी अनंत बैरागी शिवम केवट सूरजपाल अंकित पंथी उदय महाराज गोविंद सेन आदि कार्यकर्ता उप. स्थित रहे जय भवानी जय शिवाजी शिवसेना जिंदाबाद गर्व से कहो हम हिंदू हैं

## घर में है डॉगी, दिवाली पर कहीं हो न जाए वह बेहाल, इन बातों का रखें ख्याल

अलीगढ़ पटाखे और रंग से पेट्स को दूर रखें। इन्हें चाटने व खाने से शरीर में जहर फैल सकता है। कोई अनहोनी घटना के लिए घर प्राथमिक उपचार किट तैयार रखनी चाहिए। बच्चों को बता दें कि पेट्स के सामने पटाखे चलाकर परेशान न करें।दिवाली पटाखों का त्योहार है। आपके घर में अगर डॉगी है तो उसका इस समय ख्याल कुछ ज्यादा रखना पड़ेगा। हम पटाखे चलाकर त्योहार का भरपूर आनंद लेते हैं, पर यह भूल जाते हैं कि पटाखे की आवाज से हमारे पेट्स कितना घबरा जाते हैं और कितना परेशान हो जाते हैं। अलीगढ़ के वरिष्ठ पशु शल्य चिकित्सक डॉ.विराम वार्ष्णेय ने कुछ ऐसे टिप्स बताए, जिनको अपना कर हम अपने पेट्स को दिवाली के त्योहार पर सुरक्षित रख सकते हैं।डॉ विराम वार्ष्णेय ने बताया कि अपने पेट्स को सुबह–शाम खूब टहलाएं। उसे अच्छा खाना खिलाएं द्य इससे आपके पेट्स को कम तनाव होगा और उसे अच्छी नींद भी आएगी। अपने पेट्स को दिवाली वाले दिन अपने ही घर पर रखें। किसी अन्य के घर पर छोड़कर न जाएं। पेट्स को ऐसे कमरे में रखें, जिस कमरे में कम से कम खिड़कियां हों, ताकि पटाखे की आवाज कम से कम उसके कानों तक पहुंचे और वह घबराए नहीं।उन्होंने बताया कि पेट्स के कान में रुई या मुफलर बांध दें ताकि आवाज कान में न जाए। पटाखों की आवाज से बचने के लिए अगर आपका पेट्स छिपने की कोशिश करता है, जैसे किसी चादर में या फिर किसी कोने में, तो उसके रास्ते में कोई रुकावट न आए। अपने डॉगी को मिठाई एवं तला हुआ खाना न दें। उससे उनका पेट खराब हो सकता है।डॉ. विराम वार्ष्णेय ने बताया कि पटाखे और रंग से पेट्स को दूर रखें। इन्हें चाटने व खाने से शरीर में जहर फैल सकता है। कोई अनहोनी घटना के लिए घर प्राथमिक उपचार किट तैयार रखनी चाहिए। बच्चों को बता दें कि पेट्स के सामने पटाखे चलाकर परेशान न करें। जब भी पेट्स को लेकर निकले तो गले के पट्टे में चौन लगाएं। डॉगी के गले में एक कार्ड लटका दें, जिस पर डॉग का नाम, उसके मालिक का नाम, मोबाइल नंबर आदि लिखा हो, ताकि खो जाने पर सूचित करना आसान होता है। उन्होंने बताया कि डॉगी के कमरे में हलकी सी आवाज में गाना बजा दें। साथ में कुछ खिलौने डॉगी के पास डाल दें, जिससे आपका पेट्स खेलता रहे। पेट्स को शांत एवं तनाव मुक्त रखने के लिए अपने पशुचिकित्सक से मिलकर कुछ दवाई भी ले सकते हैं।

## अलीगढ़ के दिनेश कुमार सिंह ने जीती सर्वश्रेष्ठ गोल्फर की ट्राफी

अलीगढ़ शहर गूलर रोड के निवासी डीआई सीआरपीएफ दिनेश कुमार सिंह ने सर्वश्रेष्ठ गोल्फर की ट्राफी जीतकर प्रदेश के साथ ही जिले का भी नाम रोशन किया है। श्री सिंह वर्तमान में कश्मीर क्षेत्र में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। नौरंगी लाल राजकीय इंटर कालेज से माध्यमिक शिक्षा एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले 1993 बैच के सीआरपीएफ अधिकारी और वर्तमान में सीआरपीएफ के पुलिस उप महानिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने चंडीगढ़ में हुए गोल्फ टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ खेल प्रदर्शन किया है। उन्होंने जम्मू और कश्मीर जोन के लिए टीम इवेंट में सर्वश्रेष्ठ गोल्फर की ट्राफी जीतकर प्रदेश के साथ ही जिले का भी नाम रोशन किया है।यह टूर्नामेंट 24 व 25 अक्टूबर को चंडीगढ़ में आयोजित किया गया था। वर्तमान में श्री सिंह कश्मीर के श्रीनगर, गांदरबल एवं बड़गाम जिलों का आपरेशन संबंधी प्रभार भी देख रहे हैं। गोल्फ में उनके नाम कई सम्मान दर्ज हैं। वर्ष 2022 में उन्होंने सीआरपीएफ का सर्वश्रेष्ठ विजेता कप इंटर सेक्टर गोल्फ टूर्नामेंट देहरादून सेक्टर की तरफ से खेलते हुए जीता था। वर्ष 2023 में भी उनका आल इंडिया पुलिस गोल्फ टूर्नामेंट में चयन किया गया, जिसमें सीआरपीएफ की ओर से खेलते हुए उन्हें नियरिस्ट टू पिन का पुरस्कार प्राप्त हुआ था। यह सीआरपीएफ की तरफ से आज भी उन्हीं के नाम पर दर्ज है।

## मण्डलायुक्त ने राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन की दीदियों को किया प्रोत्साहित

अलीगढ़ मण्डल के सभी जिलों से राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के 11 महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा स्वयं उत्पादित उत्पाद– पूजा सामग्री, धूपबत्ती, अगरबत्ती, हेंडमेड ज्वैलरी, अचार, मुरब्बा, मसाले, जूट से बने उत्पाद एवं सामुदायिक शौचालय किट का मण्डलायुक्त सभागार में प्रदर्शन किया गया। उन्होंने तैयार उत्पादों को उपहार स्वरूप भेंट कर मण्डलायुक्त को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं दीं।मण्डलायुक्त चौत्रा वी. ने स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन कर उनकी कारीगरी की भूरि–भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देश–प्रदेश की लाखों–करोड़ों महिलाएं न केवल अपनी अभिरूचि के अनुसार अपनी कला व कौशल को निखार रही हैं बल्कि अपने परिवार को भी आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। मा0 प्रधानमंत्री जी के लखपति दीदी अभियान से जुड़कर देश की महिलाएं अब सशक्त एवं स्वाबलम्बी बन रही हैं।

समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद गुणवत्ता में कहीं भी किसी फैक्ट्री या कुशल श्रमिक के उत्पादों से कमतर नहीं हैं। उन्होंने समूह की दीदियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें दीपावली महापर्व के पंचोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उपहार स्वरूप मिष्ठान व दीपक वितरित किये।इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, जिलों के ब्लॉक मैनेजर प्रवेश राघव, रितु देवी, पूनम देवी, मंजू, वर्षा कुसमा, संध्या ममता दीदियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## दीपावली पर गूंजेगी माचिस बंदूक, रंगोली से सजेंगे घर

अलीगढ़ इस वर्ष बाजार में बच्चों के लिए माचिस गन आई है, जो बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसकी कीमत 50 से 200 रुपये तक है। इसके अलावा टिनी बम, माचिस पटाखा, धागा पटाखा आदि की भी बच्चों में खूब मांग है।दीपावली में अब दो दिन ही शेष है। इसके लिए पहले ही लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है। महिलाएं छोटे बच्चों के लिए माचिस बंदूक जैसे सुरक्षित पटाखे और रंगोली सजाने के लिए बोतल वाले रंग खरीद रहीं हैं। बाजार में मौजूद विभिन्न प्रकार के पटाखे, बंदूक बच्चों का मन मोह रहीं हैं।कनवरीगंज स्थित दुक. ानदार सोमांक वार्ष्णेय का कहना है कि रंगोली वाले रंगों की मांग हो रही है, इसमें अधिकांश मांग बोतल वाले रंग की है। बोतल वाले रंग की कीमत 60 रुपये है। वहीं, पैकेट वाले रंगों में भी अलग अलग वेरायटी हैं। लो क्वालिटी में 100 ग्राम 2.5 रुपये और मीडियम क्वालिटी में 50 ग्राम की कीमत 3 रुपये है। रामघाट रोड स्थित दुकानदार मनीष कुमार ने बताया कि इस वर्ष बाजार में आई अलग–अलग प्रकार की बंदूक बच्चों को लुभा रहीं हैं, जिनकी कीमत 20 से 200 रुपये तक है।माचिस गन ने मोहा बच्चों का मनइस वर्ष बाजार में बच्चों के लिए माचिस गन आई है, जो बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसकी कीमत 50 से 200 रुपये तक है। इसके अलावा टिनी बम, माचिस पटाखा, धागा पटाखा आदि की भी बच्चों में खूब मांग है।अधिकांश महिलाएं रंगोली के लिए बोतल वाले रंग खरीद रही हैं, क्योंकि इससे रंगोली बनाने में आसानी रहती है। बच्चे 50 से 100 रुपये तक की बंदूक खरीद रहे है।–सोमांक वार्ष्णेय, दुक. ानदार कनवरीगंज।हर वर्ष घर में फूलों व रंगों से मां लक्ष्मी के पैर व रंगोली बनाते है, इस वर्ष भी बनाएंगे। रंगोली के लिए रंग खरीद लिए हैं। फूल उसी दिन खरीदेंगे।–पूजा गौतम, शिवनगर कॉला. `नी।बच्चों के लिए टिनी बम, फुलझड़ी, बंदूक आदि खरीदेंगे, क्योंकि इससे उन्हें नुकसान पहुंचने का डर नहीं है। दिवाली हैप्पी के साथ सुरक्षित भी होनी चाहिए।–ममता प्रताप सिंह, प्रेम विहार

# दिवाली पर किस शंख की पूजा करने से बरसती है धन की देवी लक्ष्मी जी कृपा



दिवाली के दिन लक्ष्मी–गणेश की पूजा के अलावा दक्षिणावर्ती शंख का पूजन जरुर किया जाता है. मान्यता है कि इससे देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती है. जानें दिवाली पर दक्षिणावर्ती शंख की पूजा का महत्वदिवाली पर लक्ष्मी पूजन में दक्षिणावर्ती शंख को जरूर शामिल करें. दक्षिणावर्ती शंख माता लक्ष्मी को बेहद प्रिय है. मां लक्ष्मी, विष्णु जी और दुर्गा जी के हाथों में जो शंख है वो दक्षिणाव. र्ती शंख कहलाता है.दक्षिणावर्ती शंख की उत्पत्ति मां लक्ष्मी की तरह समुद्र मंथन से हुई है, जिस शंख का मुंह दक्षिण भाग की ओर खुलता है उसे दक्षिणावर्ती शंख कहते हैं.दिवाली की रात लक्ष्मी पूजन के दौरान दक्षिणावर्ती शंख में जल भरकर एक पात्र में इसे रखें. विधिवत सभी पूजन सामग्री चढ़ाएं. इस दिन दक्षिणावर्ती शंख को बजाने से घर की नक. ारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है और माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है.लक्ष्मी पूजन के बाद दक्षिणावर्ती शंख को लाल कपड़े में लपेटकर तिजोरी या ऐसे पवित्र स्थान पर रखें जहां किसी की नजर न पड़ती हो. इस शंख के घर में होने से बरकत और समृद्धि बनी रहती है.वास्तु दोष को दुरुस्त करने में दक्षिणावर्ती शंख की अहम भूमिका है. इसके प्रभाव से गृहक्लेश, गंभीर बीमारियां, आर्थिक संकट से छुटकारा मिलता है.दक्षिणावर्ती शंख के प्रभाव से बलशाली शत्रु भी शांत हो जाता है और जातक को कभी हानि नहीं पहुंचाता. भय, चोरी, दुर्घटना से भी यह रक्षा करता है

# दीपोत्सव 5 नहीं 6 दिनों का होगा

इस वर्ष दीपावली का पर्व 5 दिवसीय नहीं होकर 6 दिवसीय होगा.
ज्योतिषाचार्य पंडित सौरभ गणेश शर्मा ने बताया कि कार्तिक मास की अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर और 1 नवंबर दो दिन रहेगी. इस कारण से दीपोत्सव 5 नहीं 6 दिन का रहेगा.कार्तिक अमावस्या 31 अक. टूबर की दोपहर से शुरू हो जाएगी और अगले दिन यानी 1 नवंबर की शाम तक रहेगी. कार्तिक अमावस्या की रात में लक्ष्मी पूजा करने की परंपरा है. इसलिए 31 अक्टूबर की रात लक्ष्मी पूजा करनी चाहिए, क्योंकि 31 की रात में ही अमावस्या तिथि रहेगी और 1 नवंबर की रात में कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि रहेगी.पांच नहीं छह दिनों तक मनेगा दीपोत्सवधनतेरस– मंगलवार, 29 अक. टूबर 2024 नरक चतुर्दशी– बुधवार, 30 अक्टूबर 2024 3.दिवाली लक्ष्मी पूजा– गुरुवार, 31 अक्टूबर 2024 4.कार्तिक अमावस्या– शुक्रवार, 1 नवंबर 2024 5.गोवर्धन पूजा– शनिवार, 2 नवंबर 2024 6 भाई दूज– रविवार, 3 नवंबर 202429 अक्टूबर को धनतेरस धनतेरस के दिन से ही पंचदिवसीय दीपोत्सव की शुरू हो जाती है, जोकि इस साल मंगलवार 29 अक्टूबर को है. इस दिन से दीपोत्सव शुरू हो जाएगा और धनतेरस मनाई जाएगी. धनतेरस पर भगवान धनवंतरि जयंती भी मनाते हैं. धनतेरस की रात में यमराज के लिए दीपक जलाने की परंपरा है. इस तिथि पर देवी लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है.
30 अक्टूबर को रूप चौदस 30 अक्टूबर को रूप चौदस मनाई जाएगी. इसे नरक चतुर्दशी भी कहते हैं. इस दिन उबटन लगाने की परंपरा है. माना जाता है कि इस तिथि भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नाम के दैत्य का वध किया था. इसी वजह से इस पर्व को नरक चतुर्दशी कहते हैं.31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा 31 अक्टूबर की रात देवी लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाएगी. मान्यता है कि देवताओं और दानवों ने मिलकर समुद्र मंथन किया था और इस मंथन से कार्तिक मास की अमावस्या पर देवी लक्ष्मी प्रकट हुई थी. देवी लक्ष्मी ने भगवान विष्णु का वरण किया था. इसके साथ एक अन्य मान्यता ये है कि इस तिथि पर भगवान राम (स्वतक त्वं) 14 वर्ष का वनवास खत्म करके और रावण वध करके अयोध्या लौटे थे. तब लोगों ने राम के स्वागत के लिए दीपक जलाए थे.
1 नवंबर को स्नान–दान की कार्तिक अमावस्या
1 नवंबर को भी कार्तिक मास की अमावस्या रहेगी. इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान–पुण्य करना चाहिए. दोपहर में पितरों के लिए धूप–ध्यान भी करें. इस दिन शाम को कार्तिक अमावस्या तिथि खत्म हो जाएगी.
2 नवंबर को गोवर्धन पूजा 2 नवंबर को कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा यानी गोवर्धन पूजा पर्व है. इस दिन मथुरा स्थित गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की परंपरा है. द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने ब्रज के लोगों से कंस की नहीं बल्कि गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए कहा था, तब से ही इस पर्वत की पूजा की जा रही है.
3 नवंबर को भाई दूज 3 नवंबर को भाई दूज है. ये पर्व यमुना और यमराज से संबंधित है. माना जाता है कि इस तिथि पर यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने जाते हैं. यमुना यमराज को भोजन कराती हैं. मान्यता है कि इस तिथि पर जो भाई अपनी बहन के घर भोजन करता है, यमराज–यमुना की कृपा से उसकी सभी परेशानियां दूर होती हैं और भाग्य का साथ मिलता है.

# छठ पूजा की डेट को लेकर न हो कन्फ्यूज

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को छठ पूजा का त्योहार मनाया जाता है। इस पर्व को छठ महापर्व के नाम से भी जाना जाता है। पर्व की शुरुआत नहाय–खाय से होती है और उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद उत्सव का समापन होता है। धार्मिक मान्यता है कि व्रत को करने से संतान को लंबी आयु का वरदान प्राप्त होता हैसनातन धर्म में छठ महापर्व का विशेष महत्व है। इस पर्व को लोग बहुत ही उत्साह के साथ मनाते हैं। व्रत को संतान की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए विधिप. ूर्वक किया जाता है। इस व्रत के दौरान स्वच्छता और पवित्रता का खास ध्यान रखा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि व्रत को करने से जातक को संतान की प्राप्ति होती है। छठ पूजा के प्रसाद को बनाने के लिए चांदी, स्टील और प्ला. स्टिक के बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसकी जगह आप मिट्टी के चूल्हे और बर्तनों का प्रयोग करें। इस बार छठ पूजा की डेट को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में आइए जानते हैं

इस बार छठ पूजा का पर्व किस तारीख को मनाया जाएगा?वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर संध्याकाल का अर्ध्य दिया जाता है। ऐसे में अगर बिहार में दिवाली का पर्व 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा, तो छठ पूजा 06 नवंबर को मनाई जाएगी।

यदि बिहार में दिवाली का पर्व 01 नवंबर को मनाया जाएगा, तो छठ महापर्व 07 नवंबर को मनाया जाएगा।



# गोवर्धन पूजा क्यों की जाती है? क्या है अन्नकूट का संबंध, जानें श्रीकृष्ण और वृन्दावनवासियों के बीच का संबंध

हिंदू धर्म में हर त्योहार का अपना महत्व माना गया है. दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की परंपरा सदियों से चली आ रही है. हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा की जाती है. इस दौरान घर के बाहर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया जाता है और उसकी पूजा की जाती है. गोवर्धन पूजा में गायों की पूजा का भी विशेष महत्व है. इस दिन भगवान कृष्ण ने वृंदावन के लोगों को वर्षा देवता इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए एक दिव्य कार्य किया था.इस बार गोवर्धन शनिवार, 02 नवंबर को मनाया जाएगा, क्योंकि कार्तिक अमावस्या 01 नवंबर तक रहने वाली है. वहीं गोवर्धन पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि पर मनाया जाता है. ऐसे में प्रतिपदा तिथि 01 नवम्बर को शाम 06 बजकर 16 मिनट पर शुरू हो रही है. वहीं, इस तिथि का समापन 02 नवंबर को रात 08 बजकर 21 मिनट पर होगा. आप सभी गोवर्धन पूजन में शामिल होते होंगे लेकिन शायद आप में से कुछ लोगों को नहीं पता होगा कि गोवर्धन पूजा क्यों की जाती है. दिवाली के ठीक अगले दिन की जाने वाली पूजा को गोवर्धन पूजा कहते हैं. भारत के कई राज्यों में गोवर्धन पूजा को अन्नकूट भी कहा जाता है. इस दिन घरों में अन्नकूट का भोग बनाया जाता है. गोवर्धन पूजा के दिन हर घर में गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाई जाती है और पूरे परिवार के साथ पूजा अर्चना की जाती है. ऐसे में चलिए आपको विस्तार से बताते हैं कि आखिर गोवर्धन पूजा क्यों की जाती है और इसका क्या महत्व है.गोवर्धन पूजा का उत्सव भागवत पुराण में बताई गई

पौराणिक कथाओं पर आधारित है.
धार्मिक मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने वृंदावन के लोगों से कहा कि वर्षा के देवता इंद्रदेव को प्रसाद चढ़ाने के बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाए. जब इंद्रदेव को इस बारे में पता चला तो वे क्रोधित हो गए और उन्होंने वृंदावन पर मूसलाधार बारिश करनी शुरू कर दी. इस बारिश ने जल्द ही भयावह रूप ले लिया. इस बारिश से
वृंदावन वासियों को बचाने के लिए भग. वान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठा लिया, जिससे लोगों और जानवरों की इस भारी आपदा से रक्षा कर सकें.गोवर्धन पर्वत के नीचे 7 दिन तक सभी वृंदावन के वासी बारिश से बचने के लिए उसकी छाया में रहे. इसके बाद

ब्रह्माजी ने इंद्रदेव को बताया कि पृथ्वी पर भगवान विष्णु ने ही श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लिया है. ऐसे में उनसे बैर लेना उचित नहीं. ये जानकर इंद्रदेव ने भग. वान श्रीकृष्ण से माफी मांगी.
फिर भगवान श्रीकृष्ण ने 7वें दिन गोवर्धन पर्वत को नीचे रखा. फिर श्रीकृष्ण ने हर साल गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी. तब से लेकर अब तक गोवर्धन पूजा का उत्सव अन. नकूट के नाम से मनाया जाने लगा.

## धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदने के लिए क्या है शुभ मुहूर्त

दिवाली का उत्सव पूरे पांच दिनों तक चलता है. धनतेरस के साथ ही पंचदिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत होती है, जिसनें धनतेरस, नरक चतुर्दशी, लक्ष्मी पूजा , गोवर्धन पूजा और भाई दूज भी मनाया जाता है.29 अक्टूबर को है धनतेरसधनतेरस का पर्व पंचांग के अनुसार हर साल कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है. इसलिए इस धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है. इस साल 2024 में धनतेरस मंगलवार 29 अक्टूबर को है. खरीदारी के लिए धनतेरस के दिन को बहुत ही शुभ माना जाता है. मान्यता है कि इस दिन की गई खरीदारी में 13 गुणा वृद्धि होती है और मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है. वैसे तो धनतरेस पर लोग अपने सामर्थ्यनुसार कई तरह की चीजें खरीदते हैं. आप मिट्टी के दीप से लेकर महंगे आभूषण भी खरीद सकते हैं. हालांकि सोने–चांदी के आभूषणों की खरीदारी शुभ होती है. अगर आप धनतेरस के दिन सोने–चांदी की खरीदारी करने की प्लानिंग कर रहे हैं तो सबसे यह जान लीजिए कि इस दिन सोने और चांदी खरीदने का शुभ मुहूर्त क्या है.धनतेरस के दिन बनेंगे ये शुभ योग 29 अक्टूबर 2024 को धनतेरस पर त्रिपुष्कर योग बन रहा है, जोकि सुबह में 06रू31 से 10रू31 तक रहेगा. इसके अलावा धनतेरस पर सुबह में 07रू48 तक इंद्र योग रहेगा. उसके बाद वैधृति योग बनेगा. उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र शाम 06रू34 तक है,फिर हस्त नक्षत्र होगा. इन शुभ योग में की गई खरीदारी और या नए काम की शुरुआत का लंबे समय तक लाभ मिलता है.धनतेरस के दिन सोना–चांदी खरीदने का मुहूर्त धनतेरस के दिन अगर आप कीमती वस्तु जैसे सोना–चांदी खरीद रहे हैं तो इसके लिए शुभ मुहूर्त जरूर देख लें. सोना खरीदने के लिए मीन लग्न को शुभ माना जाता है, जोकि दोपहर 03 बजकर 04 मिनट से 04 बजकर 32 मिनट तक रहेगा.वहीं चांदी की धातु खरीदने के लिए वृषभ लग्न को शुभ बताया गया है जोकि शाम 06 बजकर 11 मिनट से 08 बजकर 08 मिनट तक रहेगा.

## धन के देवता कुबेर जो भर देते हैं तिजोरी

पुलस्त्य पुलस्ति ऋषि को ब्रह्मा के मानस पुत्रों में से एक माना जाता है. कर्दम प्रजापति की कन्या हविर्भुवा से इनका विवाह हुआ था. कहते हैं कि ये कनखनल के राजा दक्ष के दामाद और भगवान शंकर के साढ़ू थे. इनकी दूसरी पत्नी इडविला थी. पुलस्त्य और इडविला के पुत्र विश्रवा थे और विश्रवा के पुत्र रावण और कुबेर थे. विश्रवा की पहली पत्नी भारद्वाज की पुत्री देवांगना थी जिसका पुत्र कुबेर था. विश्रवा की दूसरी पत्नी दैत्यराज सुमाली की पुत्री कैकसी थी जिसकी संतानें रावण, कुंभकर्ण, विभीषण और सूर्पणखा थीं. खर, दूषण, कुम्भिनी, अहिरावण और कुबेर रावण के सगे भाई बहन नहीं थे. बौद्ध धर्म में उन्हें वैश्रवण के नाम से जाना जाता है, जबकि जैन धर्म में उन्हें सर्वानुभूति के नाम से जाना जाता है.कुबेर देवता, हिन्दू पौराणिक कथाओं में धन के देवता और यक्षों के राजा हैं. उन्हें धनवानता का देवता और लोकपाल भी माना जाता है. कुबेर, उत्तर दिशा के दिक्पाल हैं. आओ जानते हैं धन के देवता कुबेर के बारे में खास बातें.1. हिन्दू धर्म में कुबेर को धन का देवता माना गया है. धनतेरस और दीपावली पर माता लक्ष्मी और श्रीगणेश के साथ इनकी भी पूजा होती है. कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को इनकी विशेष पूजा की जाती है.2. कुबेरदेव को यक्षों का राजा माना जाता है और उनके राज्य की राजधानी अलकापुरी है. कैलाश के समीप इनकी अलकापुरी है. श्वेतवर्ण, तुन्दिल शरीर, अष्टदन्त एवं तीन चरणों वाले, गदाधारी कुबेर अपनी सत्तर योजन विस्तीर्ण वैश्रवणी सभा में विराजते हैं.3. दीपावली की रात्रि को यक्ष अपने राजा कुबेर के साथ हास–विलास में बिताते व अपनी यक्षिणियों के साथ आमोद–प्रमोद करते थे. सभ्यता के विकास के साथ यह त्योहार मानवीय हो गया और धन के देवता कुबेर की बजाय धन की देवी लक्ष्मी की इस अवसर पर पूजा होने लगी, क्योंकि कुबेर जी की मान्यता सिर्फ यक्ष जातियों में थी पर लक्ष्मीजी की देव तथा मानव जातियों में.4. कुबेरे देवता देवताओं के कोषाध्यक्ष थे. सैन्य और राज्य खर्च वे ही संचालित करते थे. यक्षों के राजा कुबेर उत्तर के दिक्पाल तथा शिव के भक्त हैं. भगवान शंकर ने इन्हें अपना नित्य सखा स्वीकार किया है. देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर को पूजने से भी पैसों से जुड़ी तमाम समस्याएं दूर रहती हैं.5. कुबेर पहले श्रीलंका के राजा था परंतु रावण ने उनसे लंका को हथिया लिया. कुबेर देव के पास एक महत्वपूर्ण पुष्पक विमान और चंद्रकांता मणि भी थी जिसे भी रावण ने हथिया लिया था.कुबेर देव की मूर्ति का मुख उत्तर दिशा में रखना शुभ माना जाता है. कुबेर देव को प्रसन्न करने के लिए श्रीं, ह्रीं श्रीं, ह्रीं श्रीं क्लीं वित्तेश्वरायरू नमः' इस मंत्र का जाप किया जा सकता है.

कुबेर के संबंध में लोकमानस में एक जनश्रुति प्रचलित है. कहा जाता है कि पूर्वजन्म में कुबेर चोर थे–चोर भी ऐसे कि देव मंदिरों में चोरी करने से भी बाज न आते थे. एक बार चोरी करने के लिए एक शिव मंदिर में घुसे. तब मंदिरों में बहुत माल–खजाना रहता था. उसे ढूंढने–पाने के लिए कुबेर ने दीपक. जलाया लेकिन हवा के झोंके से दीपक बुझ गया. कुबेर ने फिर दीपक जलाया, फिर वह बुझ गया. जब यह क्रम कईबार चला, तो भोले–भाले और औघड़दानी शंकर ने इसे अपनी दीपाराधना समझ लिया और प्रसन्न होकर अगले जन्म में कुबेर को धनपति होने का आशीष दे डाला. बाद में भगवान ब्रह्मा ने इन्हें समस्त सम्पत्ति का स्वामी बनाया. यह भी कहा जाता है कि यह कुबड़े और एक आंख वाले थे परतुं भगवती की अराधना से धनपति और निधियों के स्वामी बन गए थे.कुबरे की शादी मूर दानव की पुत्री से हुई थी जिनके दो पुत्र नलकूबेर और मणिग्रीव थे. कुबेर की पुत्री का नाम मीनाक्षी था. अप्सरा रंभा नलकुबेर की पत्नी थी जिस पर रावण ने बुरी नजर डाली थी. यह बात जब नलकुबेर को पता चली तो उसने रावण को शाप दिया कि आज के बाद रावण बिना किसी स्त्री की इच्छा के उसको स्पर्श नहीं कर पाएगा और यदि करेगा तो उसका मस्तक सौ टुकड़ों में बंट जाएगा. नलक. ूबेर और मणिग्रीव भगवान श्री कृष्णचन्द्र द्वारा नारद जी के शाप से मुक्त होकर कुबेर के साथ रहते थे

**आवश्यकता है**

**हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें –**
**अमित कुमार वर्मा -संम्पाद**
**मौः– 8218049162,8273402499**

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**

**मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित**

**सम्पादक–अमित कुमार वर्मा**
**सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा**